प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनांक- 11.07.2025

❖**थाना बरौर पुलिस द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 02 नफर अभियुक्तगण को गिरफ्तार करने के साथ ही 01 नफर बाल अपचारी को भी अभिरक्षा में लिया गया।**

❖**अभियुक्तगण/बाल अपचारी के कब्जे से पीली एवं सफेद धातु के आभूषण तथा ₹ 70,600/- नकद बरामद।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में आपराधिक घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 09.07.2025 को श्रीमती सावित्री सचान पत्नी स्व0 श्री किशोरीलाल निवासिनी ग्राम बरौर, थाना बरौर, जनपद कानपुर देहात द्वारा वादिनी के घर से बक्से में रखे जेवर अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में दी गयी तहरीर के आधार पर थाना बरौर पर मु0अ0सं0 25/2025 धारा 305 बीएनएस पंजीकृत किया गया था। आज दिनांक 11.07.2025 को थाना बरौर पुलिस को चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि कस्बा बरौर की सावित्री सचान के घर से जो चोर चोरी करके भाग गये थे वह आज चोरी का सामान बेच कर पशु अस्पताल मदनपुर के बगल में मन्दिर परिसर में पैसों का बंटवारा कर रहे हैं, जिस पर थाना बरौर पुलिस टीम द्वारा समय करीब 01.15 बजे पशु अस्पताल मदनपुर के बगल में मन्दिर परिसर से 03 व्यक्तियों 1. संजय सचान पुत्र प्रताप सिंह उम्र करीब 52 वर्ष, 2. अमन सचान उर्फ कातिया पुत्र प्रमोद कुमार उम्र 27 वर्ष, निवासीगण ग्राम बरौर, थाना बरौर, जनपद कानपुर देहात एवं 01 नफर बाल अपचारी को घेरकर पकड़ लिया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 70600 रुपये एवं 01 पीली धातु की अंगूठी बरामद हुई एवं अभियुक्तगण/बाल अपचारी की निशांदेही पर शेष चोरी का माल पीले धातु के आभूषण (अंगूठी 01 नग, कान की बाली 02 नग) सफेद धातु के आभूषण(पायल 02 नग) बरामद हुए। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण व बाल अपचारी को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण का नाम-पता–

1. संजय सचान पुत्र प्रताप सिंह उम्र करीब 52 वर्ष निवासी ग्राम बरौर थाना बरौर जनपद कानपुर देहात।
2. अमन सचान उर्फ कातिया पुत्र प्रमोद कुमार उम्र 27 वर्ष, निवासी ग्राम बरौर, थाना बरौर, जनपद कानपुर देहात।
3. 01 नफर बाल अपचारी।

पूछताछ- पूछताछ करने पर अभियुक्तगण/बाल अपचारी द्वारा बताया गया कि आज से लगभग 10-15 दिन पहले हम लोगों ने अपने ही गांव की सावित्री देवी के घर से जेवरों की चोरी की थी, जिसमें से हमने आज 01 सोने की चेन पुखरायां में 01 अज्ञात व्यक्ति को 70600 रुपये में बेच दिया तथा वही पैसा आज हम लोग आपस में बांट रहे थे तभी आप लोगों ने हमें पकड़ लिया।

बरामदगी का विवरण –

पीले धातु आभूषण (अंगूठी 02 नग, कान की बाली 02 नग), सफेद धातु आभूषण(पायल 02 नग), 70,600/-रुपये बरामद किया गया।

गिरफ्तार करने वाली टीम –

थाना बरौर पुलिस